"Rebirth: My Mysterious Wife"

एक अधेरे विला मै एक कमरे मै लड़की सो रही थी तभी वहाँ पर एक 70 से 75 साल का बुढा आदमी आता है वह उस लड़की को जगाते हुए कहता है,"रूद्री बेटा उठ जाओ " वह लड़की अंगडाई लेते हुए कहती है," रामु काका बहुत सालों बाद इतनी अच्छी नींद आई है आप थोड़ी देर और सोने दीजिये मुझे कितनी प्यारी नींद आ रही है। " रामु काका हँसते हुए कहते ,"रूद्री बेटा तुमने ही तो कहाँ था आठ बज जाए तो उठा देना ." वह लड़की रूद्री जिसका पूरा नाम रुद्राक्षी था वह अपने बेड से उठते हुए कहती है,"काका आज इतनी जल्दी कैसे आठ बज गये रोजाना तो इतनी लेट बजते है रामु काका। " रुद्राक्षी के सिर पर भी हाथ फेरते हुए कहते है ,"रूद्री बेटा खुशी के पल ऐसे ही होते है वह किसी के लिये रुकते नही है। हमें उन खुशियों को सजो कर  रखने के लिये उन्हें कैद करना पड़ता है। " रामु काका की बात सुनकर रुद्राक्षी की आँखे नम हो जाती है क्यु की आज रुद्राक्षी उस मुकाम पर पहुँच गयी है जिसके लिये उसने इतनी मेहनत की है लेकिन आज  रुद्राक्षी अकेली है उसके पास अपना कहने के लिये सिर्फ रामु काका ही है रामु काका रुद्राक्षी की आँखों मै आँसू देख कर कहते है ,"रुद्राक्षी बेटा तुम क्यु रो रही हो? रोना तो उन्हे चाइये जिन्हे तुमारी कदर नही थी, देखो आज तुमने खुद को प्रूफ कर दिया की तुम अपने दम पर कुछ भी कर सकती हो। आज ये बात सारी दुनियाँ को भी पता चल जायेगी जब तुम अपना रियेल नाम  रुद्राक्षी शर्मा दुनियाँ को बताओं गी और अपना उस गेम को दुनियाँ के सामने लॉन्च करोगी। जिसका इंतजार देश विदेश की कम्पनी और लोगों को है ." जिस पर पर रुद्राक्षी रामु काका को गले लगा कर कहती है ,"काका आज मै बहुत खुश हूँ अगर काका आप नही होते तो मै आज जिन्दा भी नही होती। पापा के इस दुनियाँ से चले जाने के बाद मुझे अपना कहने बाला कोई नही बचा था अगर आप ये पापा की आखिरी पल रिकोर्ड की हुई वीडियो नही देते तो आज मै यहाँ पर नही होती।  कभी कभी तो मुझे मुझे लगता है मेरे पापा के मरने की वजह मै ही हूँ न मै उन्हे छोड़ कर जाती न वो उस शर्मा हाउस मै अकेले होते और न उनके साथ ऐसा बुरा बर्ताव किया जाता। " रामु काका रूद्री डिलासा देते हुए कहते है ,"बिटिया ऐसे नही कहते है आज के बाद तुमारी जिन्दगी मै खुशियाँ ही खुशियाँ होगी। तुमारी इतनी बड़ी सक्सेज देख कर वो रिहान भी तुमारे पास वापिस आ जाये। " रुद्राक्षी रिहान नाम सुनकर कहती है ,"काका आप ये क्या कह रहे है जो इंसान मुझे छोड़ कर मेरी बहन के पास चला गया। क्या आपको लगता है वो इंसान मेरा लाइफ पाटनर बने के लायक है ?" जिस पर रामु काका कहते है ,"लेकिन बिटिया तुम प्यार करती हो रिहान बेटा से फिर तुम ऐसा क्यु कह रही हो। "